# हमीरपुर पुलिस

## मिशन शक्ति फेज-05 जागरुकता बाइक रैली।

## दिनाँक- 21.09.2025

मा0 मुख्यमंत्री जी श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 का शुभारम्भ किया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 21.09.2025 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा महिला पुलिस कर्मियों के जागरुकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

बाइक रैली महिलाओं को सुरक्षा, स्वालम्बन व सशक्तीकरण हेतु थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित एवं जागरूक बनाना तथा समाज में महिला सम्मान व सुरक्षा का संदेश प्रसारित करना रहा। रैली के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने आमजनमानस को जागरूक किया।

साथ ही, महिलाओं को अपने अधिकारों, आत्मरक्षा एवं कानून द्वारा प्रदत्त सुरक्षा उपायों की जानकारी देकर प्रेरित किया गया कि वे निर्भीक होकर अपने जीवन में आगे बढ़ें तथा किसी भी प्रकार की असुविधा या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें।

साथ ही, महिलाओं को अपने अधिकारों, आत्मरक्षा एवं कानून द्वारा प्रदत्त सुरक्षा उपायों की जानकारी देकर प्रेरित किया गया कि वे निर्भीक होकर अपने जीवन में आगे बढ़ें तथा किसी भी प्रकार की असुविधा या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें।

जनपद पुलिस का संकल्प है कि मिशन शक्ति के तहत प्रत्येक महिला व बालिका को सुरक्षा का वातावरण प्रदान किया जाएगा और समाज में महिला सम्मान को सर्वोपरि रखा जाएगा।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **1090** वीमेन पावर लाइन , **181** वीमेन हैल्पलाइन , **112** पुलिस आपातकालीन सेवा , **102** गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, **108** एम्बुलेंस सेवा, **1098** चाइल्ड लाइन, **101** अग्निशमन सेवा  व **1930** साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी साझा की गई।

जनपद पुलिस का संकल्प है कि मिशन शक्ति के तहत प्रत्येक महिला व बालिका को सुरक्षा का वातावरण प्रदान किया जाएगा और समाज में महिला सम्मान को सर्वोपरि रखा जाएगा।